सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

आचार्य प्रथम सेमेस्टर विश्वविद्यालय–परिसर प्रवेश–सूचना शैक्षणिक वर्ष–2026–2027

कार्यालयीय–ज्ञाप

एतद्द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित आचार्य प्रथम सेमेस्टर सत्र 2026–27 के कक्षाओं में प्रवेश दिनांक 06.07.2026 से प्रारम्भ हो रहा है। आचार्य प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को निर्देश दिया जाता है। कि प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने हेतु सभी आवश्यक निर्देश विश्वविद्यालय के वेबसाइट **www.ssvv.ac.in(Admission→CampusAdmissionPortal-2026-27→htts://ssvvadm.samarth.edu.in→New Registration)** पर उपलब्ध है। प्रवेशावेदनपत्र भरने के पूर्व दिशा–निर्देशों को भलीभाँति पढ़ लें तथा प्रवेश निदर्शिका में वर्णित नियमों के अनुसार विषय की प्रविष्टियों का चयन करें। साथ ही यह भी सूच्य है कि जो छात्र छात्रावास में रहने के इच्छुक हैं, वे छात्रावास का विकल्प अवश्य चयन कर लें। प्रवेश हेतु ऑनलाइन पद्धति से पेमेण्ट गेटवे के द्वारा शुल्क जमा करें। आचार्य प्रथम सेमेस्टर सत्र 2026–27 के प्रवेशार्थियों की प्रवेश–प्रक्रिया को ऑनलाइन प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने के बाद वरीयता क्रम (मेरिट लिस्ट) के माध्यम से प्रवेश पूर्ण किया जायेगा।

आचार्य प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश की अन्तिम तिथि से 06.07.2026 से 06.08.2026 तक निर्धारित की जाती है।

प्रवेश के इच्छुक छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि निर्धारित तिथि तक प्रवेशावेदन पत्र पूरित कर लें। आचार्य प्रथम सेमेस्टर के छात्र अपना प्रवेशावेदनपत्र डाउनलोड करके अपने पास सुरक्षित रख लें। जिन्हें यथास्थान अपेक्षित अभिभावक/संरक्षक इत्यादि का हस्ताक्षर कराकर काउन्सिलिंग के समय उपस्थित होना अनिवार्य है।

नोट 1– प्रवेश पंजीकरण हेतु शुल्क रू0 200/–

2–काउन्सिलिंग की तिथि पृथक ज्ञाप द्वारा घोषित की जायेगी।

(प्रो0 शैलेश कुमार मिश्र)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

छा0क0सं0 पत्रांक– 1710 /2026 दिनांक – 02.07.2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित –

1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3– मुख्य प्रतिपालक/वित्तनयाधिकारी।
4– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
5– संगणक केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं के निवारणार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6– जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
7– शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)सं.सं.वि.वि.,वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यक्रमानुसार यथाप्रयुक्त पंजीकरण एवं अन्य शुल्क का ऑनलाईन पेमेण्ट सिस्ठम (पेमेण्ट गेटवे) के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
8– सम्बद्ध पत्रावली / समस्त सूचना पट्ट।

(प्रो0 शैलेश कुमार मिश्र)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी